# महासागरीय जल संचलन

1. **निम्नलिखित में से विश्व में सर्वाधिक ऊँचा ज्वार-भाटा कहाँ पर आता है?**
   (a) खंभात की खाड़ी में
   (b) फंडी की खाड़ी में
   (c) एमडसन की खाड़ी में
   (d) अलास्का की खाड़ी में
2. **समुद्री सतहों पर वृहद् ज्वार आने का कारण है-**
   (a) सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी तीनों का एक ही दिशा में होना।
   (b) सूर्य एवं चंद्रमा का एक-दूसरे के समकोण पर होना।
   (c) समुद्री तट का दंतुरित होना।
   (d) समुद्र की सतह पर उच्च वायुदाब का बनना
3. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   **1.ज्वार-भाटा नौसंचालन की गतिविधियों में मददगार होते हैं।**
   **2.ज्वार भाटा तलछटों की गाद निकालने (Desiltation) में मदद करते हैं।**
   **3.ज्वार-भाटा का उपयोग विद्युत शक्ति उत्पन्न करने में किया जाता है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/कथन सत्य है/हैं?**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) उपर्युक्त सभी
4. **महासागरीय जलधाराओं के संबंध में निम्नलिखित से कथन सत्य है/हैं?**
   **1.निम्न व मध्य अक्षांशीय क्षेत्रों में ठंडी जलधाराएँ महाद्वीपों के पश्चिमी तटों पर बहती है।**
   **2.उत्तरी गोलार्द्ध में उच्च अक्षांशीय क्षेत्रों में ठंडी जलधाराएँ महाद्वीपों के पूर्वी तटों पर बहती हैं।**
   **3.निम्न व मध्य अक्षांशीय क्षेत्रों में गर्म जलधाराएँ महाद्वीपों के पूर्वी तटों पर बहती हैं।**
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3
5. **निम्नलिखित में से कौन-सी गर्म जलधाराएँ है? नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:-**
   **1.गल्फस्ट्रीम धारा** **2. कनारी धारा**
   **3.बेंगुएला धारा** **4. फॉकलैंड धारा**
   **कूट:**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 और 4
   (d) केवल 2, 3 और 4
6. **सूची-I को सूची-II से मिलाइये तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I (जलधारा) | | सूची-II (महासागर) | |
|---|---|---|---|
| A. | गल्फस्ट्रीम | 1. | हिंद महासागर |
| B. | हम्बोल्ट धारा | 2. | प्रशांत महासागर |
| C. | फॉकलैंड धारा | 3. | उत्तरी अटलांटिक महासागर |
| D. | अगुलहास धारा | 4. | दक्षिणी अटलांटिक महासागर |

   **कूट:**
   (a) **A**-3, **B**-4, **C**-2, **D**-1
   (b) **A**-3, **B**-2, **C**-4, **D**-1
   (c) **A**-3, **B**-4, **C**-1, **D**-2
   (d) **A**-2, **B**-3, **C**-4, **D**-1
7. **कथन (A): जिन क्षेत्रों में गर्म व ठंडी जलधाराएँ मिलती हैं, वे संसार के प्रमुख मत्स्य क्षेत्र हैं।**
   **कारण (R): गर्म व ठंडी जलधाराओं के मिलने वाले क्षेत्र का तापमान मछलियों के प्रजनन के लिये सर्वाधिक उपयुक्त होता है।**
   **कूट:**
   (a)A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
   (b)A और R दोनों सही हैं किंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
   (c)A सही है, R गलत है।
   (d)A गलत है, R सही है।
8. **महासागरीय धाराओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
   **1.महासागरीय धाराएँ निश्चित मार्ग एवं दिशा में प्रवाहित होती हैं।**
   **2.गहराई में वृद्धि के साथ महासागरीय धारा की गति कम हो जाती है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**9. निम्नलिखित महासागर धाराओं में से कौन-सी एक शीत महासागर धारा नहीं हैं?**
(a) कैनरी धारा
(b) कैलिफोर्निया धारा
(c) कुरोशियो धारा
(d) ओयाशियो धारा

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.पृथ्वी पर मौजूद समस्त ताज़े जल का आधा नदियों, झीलों, और भू-जल के रूप में विद्यमान है।**
**2.प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता की दृष्टि से भारत जल अधिशेष वाला देश है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**11. ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच किसकी प्रत्यक्ष क्रियाशीलता की वजह से बना है?**
(a) व्यापारिक पवनें
(b) ऐल्गम ब्लूम
(c) महासागरीय धाराएँ
(d) ज्वार

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी गर्म महासागरीय जलधारा/जलधाराएँ है/हैं?**
**1. गल्फ स्ट्रीम**
**2.उत्तरी अटलांटिक प्रवाह**
**3.बेंगुला जलधारा**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. प्रतिविषुवतीय जलधारा विषुवतीय क्षेत्र में पूर्व से पश्चिम की ओर प्रवाहित होती है।**
**2.पेरु जलधारा दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट पर दक्षिण से उत्तर की ओर प्रवाहित होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**14. निम्नलिखित महासागरीय धाराओं में से कौन-सी उत्तरी गोलार्द्ध में पाई जाती है?**
(a) ओयाशियो जलधारा, गल्फ स्ट्रीम जलधारा, केनारी जलधारा।
(b) पश्चिम पवन प्रवाह, बेंगुला जलधारा, गल्फ स्ट्रीम जलधारा।
(c) अगुलहास जलधारा, ओयाशिओ जलधारा, पेरु जलधारा
(d) अगुलहास जलधारा, पेरु जलधारा, बेंगुला जलधारा

**15. महासागरीय धाराओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.गहरी महासागरीय धाराएँ घनत्व और तापमान प्रवणता की वजह से संचालित होती हैं। ये धाराएँ जिन्हें सबमरीन रिवर कहते हैं, महासागर की सतह के नीचे प्रवाहित होती हैं। महासागरीय धाराओं की सतह के नीचे प्रवाहित होती हैं।**
**2.महासागरीय धाराओं की उर्ध्वाधर गति उत्प्रवाह और अंतर-प्रवाह में देखी जाती है।**
**3.महासागरीय जल का 70 फीसदी सतही जलधाराओं में होता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.मध्य एवं उच्च अक्षांशों में महाद्वीपों के पश्चिमी तट के सहारे ठंडी जलधाराएँ प्रवाहित होती हैं।**


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2.उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय अंक्षाशों में महाद्वीपों के पश्चिमी तट (भूमध्यरेखा के निकट के स्थानों को छोड़कर) के सहारे गर्म जलधाराएँ प्रवाहित होती हैं।**
**3.गर्म और ठंडी जलधाराओं के मिलन स्थल, विश्व में मत्स्यन के सर्वश्रेष्ठ स्थान है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) 1 और 2 दोनों
(d) उपर्युक्त सभी

**17. महासागरीय धाराओं की उत्पत्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिए-**
**1. वायुदाब एवं हवाएँ**
**2.तट की दिशा तथा आकार**
**3.उच्चावच**
**4.पृथ्वी का घूर्णन**
**उपर्युक्त कारको में से कौन-सा धाराओं की उत्पत्ति में सहायक है?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**18. अटलांटिक महासागर में सारगैसों सागर के जल में सर्वाधिक लवणता पाई जाती है। इस अत्यधिक लवणता के कारण हैं-**
**1.उच्च तापमान**
**2.अत्यधिक वाष्पीकरण**
**3. सारगैसो सागर के जल का शेष जल से मिश्रित न होना।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.यह एक ठंडी जलधारा है।**
**2.इस जलधारा की उत्पत्ति में व्यापारिक पवनों की भूमिका होती है।**
**3.यह अफ्रीका महाद्वीप के पश्चिमी तट के सहारे प्रवाहित होती है।**
**उपर्युक्त कथन किस जलधारा के संबंध में है?**
(a) कैनेरी जलधारा
(b) बेंगुएला जलधारा
(c) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(d) (a) और (b) दोनों

**20. निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिए-**
**1.हिम निर्माण**
**2.वायुमंडलीय दबाव**
**3.हिमद्रवित जल**
**4.वर्षा जल की आपूर्ति**
**उपर्युक्त में से कौन-से कारक महासागरीय लवणता को प्रभावित करते हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**21. महासागरीय धाराओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) गर्म महासागरीय धाराएँ भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती है एवं ध्रुवों की ओर प्रवाहित होती हैं।
(b) ठंडी धाराएँ ध्रुवों या उच्च अक्षांशों से उष्ण कटिबंधीय या निम्न अक्षांशों की ओर प्रवाहित होती हैं।
(c) लेब्राडोर महासागरीय धाराएँ उष्ण जलधाराएँ होती हैं।
(d) महासागरीय धाराएँ आस-पास के क्षेत्र के तापमान को भी प्रभावित करती हैं।

**22. निम्नांकित में से कौन-सी एक ठंडी महासागरीय धारा नहीं है?**
(a) कैलिफोर्निया धारा
(b) कनारी धारा
(c) सोमाली धारा
(d) सुशिमा धारा

**23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I (महासागरी धारा) | सूची-II (तट) |
|---|---|



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

| | | | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **हम्बोल्ट** | **1.** | **नामीबिया-अंगोला** |
| **B.** | **उत्तरी अटलांटिक अपवाह** | **2.** | **चिली-पेरु** |
| **C.** | **बेंगुएला** | **3.** | **मोज़ाबिक-मेडागास्कर** |
| **D.** | **एगल्हास** | **4.** | **यूनाइटेड किंगडम -नॉर्वे** |

**कूट:-**

(a) **A**-3, **B**-4, **C**-2, **D**-1
(b) **A**-2, **B**-4, **C**-1, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-4, **C**-1, **D**-2
(d) **A**-2, **B**-3, **C**-4, **D**-1

**24. गल्फ स्ट्रीम, अटलांटिक महासागर में एक ध्रुवाभिमुख प्रवाहित धारा है। इस संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) यह उत्तरी प्रशांत महासागर की कुरोशिओ धारा के समान है।
(b) यह गर्म, उष्णकटिबंधीय जल का ध्रुवीय क्षेत्रों की ओर ले जाती है।
(c) USA के पूर्वी तट के पास के मौसम के लिए यह धारा एक मुख्य कारक है।
(d) गल्फ स्ट्रीम का उष्ण जल, पश्चिमी प्रशांत महासागरीय तट की प्रवालभित्तियों को बनाए रखता है।

**25. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| **सूची-I [जलडमरूमध्य (जलसंधि)]** | | **सूची-II (देश)** | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **बॉस जलसंधि** | **1.** | **UK तथा फ्रांस** |
| **B.** | **डेविस स्ट्रेट** | **2.** | **ऑस्ट्रेलिया तथा तस्मानिया** |
| **C.** | **डोवर जलसंधि** | **3.** | **USA तथा क्यूबा** |
| **D.** | **फ्लोरिडा जलसंधि** | **4.** | **कनाडा तथा ग्रीनलैंड** |

**कूट:-**

(a) **A**-2, **B**-4, **C**-1, **D**-3
(b) **A**-2, **B**-4, **C**-3, **D**-1
(c) **A**-3, **B**-4, **C**-1, **D**-2
(d) **A**-2, **B**-3, **C**-4, **D**-1

**26. निम्नलिखित में से कौन-सी एक महासागर धारा लेब्राडोर धारा से मिलती है?**

(a) केनरी धारा
(b) बेंगुएला धारा
(c) फ्लोरिडा धारा
(d) कैलिफोर्निया धारा

**27. मेरियाना खाई महासागर का सर्वाधिक गहरा भाग है। इसके विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**

(a) वह पश्चिमी प्रशांत महासागर में, मेरियाना द्वीप के पश्चिमी में अवस्थित है।
(b) इस खाई की गहराई पहली बार 1875 में चैलेंजर अभियान के दौरान मापी गई ।
(c) यह खाई लगभग 2550 किमी. लंबी है उसकी औसत चौड़ाई केवल 69 किमी. है।
(d) खाई की तली में उसके ऊपर का जल स्तंभ, समुद्र तल पर मानक वायुमंडलीय दाब के 1000 गुना से अधिक दाब डालता है।

**28. सारगैसो समुद्र, अटलांटिक महासागर का विशाल खंड है जिसकी विशेषता है प्लवमान भूरा समुद्री शैवाल जिसे सारगैसम कहते हैं यह किसके द्वारा वहन किए जाने वाले समुद्री पादपों और कचरे के निक्षेप से बनता है?**

**1.उत्तरी अटलांटिक धारा**
**2.केनरी धारा**
**3.उत्तरी अटलांटिक विषुवतीय धारा**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213